**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**02.08.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2270 का उत्तर**

**जूनागढ़-नबरंगपुर रेललाइन परियोजना**

**2270. श्री रमेश चन्द्र माझी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) जूनागढ़ और नबरंगपुर रेललाइन परियोजना को पूरा करने की वर्तमान अनुमानित लागत कितनी है;**
**(ख) यह परियोजना कब शुरू की गई थी और इसे किस तिथि तक पूरा किए जाने की संभावना है;**
**(ग) केन्द्र सरकार और ओडिशा सरकार द्‌वारा जूनागढ़ और नबरंगपुर रेल लाइन के निर्माण के लिए अलग-अलग अब तक कुल कितनी धनराशि जारी की गई है;**
**(घ) क्या राज्य सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने के लिए अपेक्षित निधि में से अपने हिस्से की पूरी धनराशि जारी कर दी है; और**
**(ड.) यदि हां, तो उक्त परियोजना के पूरा होने में विलंब के क्या कारण हैं और सरकार द्‌वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

**जूनागढ़-नबरंगपुर रेललाइन परियोजना के संबंध में दिनांक 02.08.2023 को लोक सभा में श्री रमेश चन्द्र माझी के अतारांकित प्रश्न सं. 2270 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ड.): जूनागढ़-नवरंगपुर नई लाइन परियोजना के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण पूरा किया गया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना की अनुमानित लागत 2864.51 करोड़ रु. है। इस समय, यह परियोजना स्वीकृत नहीं है, इसलिए, इस स्तर पर कार्य प्रारंभ करने की कोई समय-सीमा और निधि आबंटन का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।**

**किसी रेल परियोजना(ओं) का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के प्राधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी, लागत में भागीदारी वाली परियोजनाओं में राज्य सरकार द्वारा लागत हिस्सा जमा करना, बाधक जनोपयोगी सेवाओं की शिफ्टिंग, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना(ओं) साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति को ध्यान में रखते हुए परियोजना विशेष की साइट के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है और ये सभी कारक परियोजना(ओं) के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं, जिसका अंतिम रूप से निर्धारण समापन चरण पर किया जाता है।**

**रेल परियोजनाओं के प्रभावी और शीघ्र कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न उपायों में (i) रेल मंत्रालय में गतिशक्ति निदेशालय और मंडलों में गतिशिक्त इकाइयों की स्थापना (ii) परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना (iii) निधि के आवंटन में पर्याप्त वृद्धि (iv) फील्ड स्तर पर शक्तियों का प्रत्यायोजन (v) विभिन्न स्तरों पर परियोजनाओं की प्रगति की गहन निगरानी, और (vi) शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वानिकी और वन्य जीव संबंधी क्लीयरेंस और परियोजनाओं से संबंधित अन्य मुद्दों को हल करने के लिए राज्य सरकारों तथा संबंधित प्राधिकारणों के साथ नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है।**

*****